# माता भगवती देवी राजकीय महिला महाविद्यालय,आँवलखेड़ा आगरा
## (मेंटर–मेंटी व्यवस्था रिपोर्ट–2022–23)
## (स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर –राजनीति विज्ञान)

युवा वर्ग का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। एक शिक्षित, अनुशासित, प्रतिभाशाली एवं संस्कारवान युवा वर्ग ही अपने परिवार, समाज व राष्ट्र के उत्थान में उत्कृष्ट भूमिका का निर्वाह कर सकते है। छात्र जीवन कच्चे घड़े की भाँति है जिसको उचित आकार देने में माता पिता के साथ एक शिक्षक का भी अभूतपूर्व योगदान होता है छात्राओं के प्रति शिक्षकों के दायित्व को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय में कक्षावार मेंटर–मेंटी व्यवस्था को संचालित किया गया है बी0ए0 तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर–राजनीति विज्ञान की छात्राओं हेतु शिक्षेत्तर पठन–पाठन से इतर निम्नवत् छात्रा भविष्योन्मुख गतिविधियों को संचालित किया गया है। मेंटर–मेंटी व्यवस्था में छात्राओं के लक्ष्य निर्धारण, सलाह, निर्देशन, सहयोग, प्रशिक्षण, जिज्ञासा, निवारण, एवं सफलता जैसे बिन्दुओं पर कार्य किया गया है।

1. छात्राओं को महाविद्यालय के लक्ष्य से परिचय कराना।
2. अनुशासन बनाये रखने हेतु प्रेरित करना।
3. कक्षाओं में 75% उपस्थिति हेतु निर्देशित करना।
4. नई शिक्षा नीति पाठ्यक्रमों की रूपरेखा से विस्तृत रूप में परिचय करना।
5. शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग हेतु सफल निर्देशन व प्रेरणा प्रदान करना।
6. छात्राओं को विभिन्न भर्ती विज्ञप्तियों की सूचना प्रदान कर रोजगार निर्देशन करना।
7. महिला उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने वाली कार्यशाला, प्रदर्शिनी, क्रय–विक्रय मेला इत्यादि का आयोजन।
8. कैरियर निर्माण से संबन्धित जिज्ञासाओं का निदान करना।
9. छात्राओं को शारीरिक मानसिक व भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने हेतु प्रेरक कार्यशाला, कार्यक्रम आयोजित करना।

10. विषय से सम्बन्धित व अन्य किताबों के विषय में जानकारी व उपलब्धता प्रदान करना।
11. छात्राओं को उनकी कमजोरी व शक्तियों से परिचय कराकर उत्कृष्ट प्रर्दशन हेतु प्रेरित करना।
12. छात्राओं की सीखने की क्षमता को बढ़ावा देना।
13. सामाजिक व शैक्षिणिक जीवन में आने वाली चुनौतियों को भेदने की समझ पैदा करना।
14. सामुदायिक कार्यों में संलग्नता को प्रेरित करना यथा रेंजर्स,स्काउट्स गाइड एवं स्वयं सहायता समूह आदि।
15. भारत की विधि, संविधान, शासन, प्रशासन व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी प्रदान करना।
16. वर्तमान सत्र में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नुक्कड़ नाटक रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करा, राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करना।

डॉ0 अनीता
संयोजकः—मेंटर—मेंटी व्यवस्था
एवं
विभागाध्यक्ष—राजनीति विज्ञान

11/7/22
प्रो0(यशोधरा शर्मा)
प्राचार्य
माता भगवती देवी राजकीय महिला महाविद्यालय, आँवलखेड़ा आगरा